पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

8वॉ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 :e- mail : tshq@up.nic.in

पत्र सं0: टीएस-सीसीटीएनएस-06/2010 (XV) दिनांक: जनवरी 29 , 2020

सेवा में,

पुलिस आयुक्त,गौतमबुद्धनगर / लखनऊ ,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक .पुलिस अधीक्षक /
समस्त जनपद उ0प्र0

विषयः प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते समय 10,000 कैरेक्टर से अधिक कैरेक्टर हेतु नोटपैड में UTF-8 में फाइल सेव करके अपलोड करने विषयक।

ज्ञातव्य हो कि वर्तमान समय में प्रथम सूचना रिपोर्ट के सारांश में अधिकतम 10,000 अक्षरों तक ही अंकित किया जा सकता है, 10,000 अक्षरों से अधिक की प्रथम सूचना रिपोर्ट होने पर वह पूर्ण रूप से CAS साफ्टवेयर में अंकित नहीं हो पाती है।

अतःउक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के समस्त थानों को इस तथ्य से भली-भाँति अवगत करा दे कि प्रथम सूचना रिपोर्ट के पंजीकरण के समय वादी की तहरीर में 10,000 से अधिक अक्षर होने पर उसे विशेष रूप से ध्यान देकर अतिरिक्त शब्दों को नोटपैड में टाइप/पेस्ट करने के उपरान्त UTF-8 इनकोडिंग में फाइल सेव करें तत्पश्चात ही CAS साफ्टवेयर में अपलोड करें तदोपरान्त उस सम्पूर्ण तहरीर का Preview अवश्य देख लें तथा भलि-भाँति अवलोकन करने के उपरान्त ही जमा करें। साथ ही जनपद के डिस्ट्रिक कोआनर्डिनेटर (DC) द्वारा थानों पर CAS साफ्टवेयर में कार्य करने वाले कर्मियों को उपरोक्त के सम्बन्ध में एक कार्यशाला आयोजित कर नोडल अधिकारी, सीसीटीएनएस द्वारा कृत कार्यवाही से सम्बन्धित आख्या इस मुख्यालय को अविलम्ब अवगत करानें का कष्ट करें।

भवदीय,

29/1/2020

(शहाब रशीद खाँ)
पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,
लखनऊ
(फोनः 9454400349)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उ0प्र0।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, उ0प्र0।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, जी0आर0पी0, उ0प्र0।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, ए0टी0एस0, उ0प्र0।
6. अपर पुलिस महानिदेशक, ई0ओ0ड्ब्लू0, उ0प्र0।
7. पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त परीक्षेत्र, उ0प्र0।

अतिरिक्त/शेष बचे प्रथम सूचना रिपोर्ट के भाग को यहा टाईप करें तत्पश्चात "फाईल मेनू" अन्तर्गत "सेव एज" विकल्प चुनें । निम्न प्रदर्शित बाक्स के "इनकोडिंग" ड्राप डाउन मेनू में "UTF-8" विकल्प चुन कर ही सेव करें।